प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.10.2024/प्रादेशिक समाचार/19.45 बजे

मुख्य समाचार'

- प्रदेश मंत्रिमंडल की 2 हजार 61 वन मित्र नियुक्त करने को मंजूरी—ईको टूरिज्म पॉलिसी में बदलाव का भी फैसला।
- मंत्रिमंडल ने 4 सौ 50 मेगावाट की शोंगटोंग कड़छम पन विद्युत परियोजना के संबंध में मंत्रिमंडलीय उप—समिति की सिफारिशों को दी स्वीकृति।
- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने कहा—सफाई कर्मचारियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ईमानदारी से काम करें अधिकारी।
- पत्र सूचना कार्यालय चंड़ीगढ़ द्वारा चंबा में आपदा प्रबंधन विषय पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन।

कैबिनेट

एक महीने से अधिक समय बाद हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में आज सरकार ने एक बार फिर नौकरियों का पिटारा खोला। एक अरसे से विभिन्न कारणों से रूकी हुई वन मित्रों की भर्ती को आज मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी। साथ ही ईको टूरिज्म नीति में बदलाव करने का भी मंत्रिमंडल ने फैसला लिया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता..........

*डिस्पैच—प्रदेश सरकार वन विभाग में 2 हजार 61 वन मित्रों की नियुक्ति करेगी। ये निर्णय आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। मंत्रिमंडल ने वन मित्रों की भर्ती के लिए 10 अंको के व्यक्तिगत साक्षात्कार की शर्त को समाप्त करने का भी निर्णय लिया। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मंत्रिमंडल ने वन संरक्षण अधिनियम 2023 में हाल ही में किए गए संशोधन के अनुरूप ईको टूरिज्म नीति 2017 में संशोधन करने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य राज्य में ईको टूरिज्म गतिविधियों को बढ़ावा देना और उनका विकास करना है। मंत्रिमंडल ने हमीरपुर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में नर्सिंग कर्मियों के एक सौ 50 पद और सहायक व सह प्रोफेसरों के दस पद सृजित करने व भरने को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने एसडीआरएफ का प्रशासनिक नियंत्रण एडीजी होमगार्ड को हस्तांतरित करने को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने और जीवाश्म ईंधन वाहनों पर निर्भरता कम करने के लिए राज्य के 6 ग्रीन कॉरिडोर्ज के साथ ईवी चार्जिंग स्टेशन नेटवर्क को विस्तार देने के लिए निजी क्षेत्र को शामिल करने को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने 4 सौ 50 मेगावॉट की शोंगटोंग कड़छम पन विद्युत परियोजना के संबंध में मंत्रिमंडल की उप—समिति की सिफारिशों को स्वीकृति दी। मंत्रिमंडल ने शिमला शहर में पीपीपी मॉडल के तहत संचालित पार्किंग सुविधाओं के संचालन की समीक्षा के लिए मंत्रिमंडल उप समिति के गठन का भी निर्णय लिया। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी इस समिति के अध्यक्ष होंगे। ये समिति लिफ्ट, छोटा शिमला, संजौली, न्यू बसस्टैंड और*

*टुटीकंडी पार्किंग स्थलों की समीक्षा करेगी। मंत्रिमंडल ने वाहन फिटनेस आकलन स्वचालित परीक्षण स्टेशन की स्थापना को भी मंजूरी दी। इसके अलावा नादौन में नया उप–मंडल पुलिस अधिकारी कार्यालय खोलने लाहौल स्पीति के शिंकुला में नई पुलिस चौकी स्थापित करने और इंदौरा में नई अग्निशमन चौकी खोलने को भी मंत्रिमंडल ने अपनी मंजूरी दी।*

मुकेश अग्निहोत्री

तीन दिवसीय शिमला संगीत महोत्सव 2024 आज ऐतिहासिक गेयटी थियेटर शिमला में आरंभ हुआ। संगीत महोत्सव का शुभारंभ उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने किया। उन्होंने इस मौके पर पद्मश्री सोमदत्त बटटू को सम्मानित किया। सोमदत्त बटटू पटियाला घराने के शिमला स्थित हिन्दूस्तानी शास्त्रीय गायक हैं। भाषा व संस्कृति विभाग के निदेशक डॉक्टर पंकज ललित ने कहा कि महोत्सव के दौरान राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संगीतकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

सांसद

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने कांगड़ा हवाई अड्डे के अधिकारियों को एयरपोर्ट परिसर और यहां दी जाने वाली सुविधाओं को पर्यटन के अनुकूल विकसित करने के निर्देश दिए हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट को यूज़र फ्रेंडली बनाने और यात्रियों की सुविधा के लिए व्यवस्थाओं को सुगम करने के लिए आज आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट की सुरक्षा महत्वपूर्ण पहलू है। इसके लिए पूरी तरह से समर्पित व उच्च प्रशिक्षित सुरक्षा बल की ज़रूरत है। उन्होंने एयरपोर्ट में तैनात सुरक्षा बल को हर लिहाज से सक्षम बनाने के लिए सरकार का सहयोग लेने का कहा। बैठक में उप–मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया और विधायक सुधीर शर्मा भी मौजूद रहे।

आशीष बुटेल

मुख्य संसदीय सचिव आशीष बुटेल ने सहकारिता को जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है, ताकि गांव और गरीब समृद्ध हो सके। आशीष बुटेल ने आज पालमपुर में ज़िला स्तरीय सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वरोज़गार से आर्थिकी को मज़बूत करने में सहकारिता क्षेत्र की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों का स्वामित्व, नियंत्रण और संचालन सदस्यों के हाथ में है और प्रदेश की सभी समितियां बेहतर तरीके से इनका संचालन कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को सहकारिता को गंभीरता से लेते हुए गांव–गांव में सहकारी समितियां बनाने के निर्देश दिए। आशीष बुटेल ने पालमपुर क्षेत्र के भेड़पालकों को भी सहकारिता से जोड़ने और एक महीने में भेड़ पालन और बुनकर व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए रोड मैप तैयार करने के विभाग को निर्देश दिए।

बाली

पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस.बाली ने कहा है कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोज़गार के नए अवसर प्रदान किए जाएंगे, ताकि इन क्षेत्रों से युवाओं का पलायन रोका जा सके।

नगरोटा–बगवां में जनसमस्याएं सुनने के मौके पर उन्होंने कहा कि महिलाओं की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। बाली ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के विपणन के लिए नगरोटा–बगवां में दुकानों की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने इस संबंध में विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

<u>अंजना पंवार</u>

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने कहा है कि स्वच्छता मिशन सफाई कर्मचारियों के बिना अधूरा है। इसी लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार पदभार ग्रहण करने के बाद जब इस मिशन की शुरूआत की तो सबसे अधिक सम्मान सफाई कर्मचारियों को दिया गया। अंजना पंवार आज शिमला में हाथ से मेला उठाने वाले कर्मियों के नियाजन प्रतिषेध व उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 के तहत हुई प्रगति की समीक्षा कर रही थी। अंजना पंवार ने स्थानीय प्रशासन को सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने और बैंकों को सी.एस. आर. का पैसा सफाई कर्मचारियों पर खर्च करने के निर्देश दिए। अंजना पंवार ने जिला अधिकारियों को महीने में एक बार सफाई कर्मियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए ताकि उनकी समस्याओं का तत्काल हल निकल सके।

<u>वार्तालाप</u>

भारत सरकार के सूचना व प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय चंड़ीगढ़ द्वारा आज चंबा में आपदा प्रबंधन विषय पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। वार्तालाप का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने कहा कि आपदा प्रबंधन एक ऐसा क्षेत्र है जो अति सनसनीखेज होने के कारण अनावश्यक रूप से प्रभावित हो सकता है। पी.आई.बी. चंड़ीगढ़ के संयुक्त निदेशक दीप जॉय ने कहा कि इस वार्तालाप का मुख्य उद्देश्य आपदा प्रबंधन पर मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत करना है ताकि किसी भी आपदा के समय वह आवश्यक एहतियात बरत सके।

<u>चक्का जाम</u>

राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ की प्रदेश इकाई ने आज शिमला में प्रदेश सचिवालय के बाहर चक्का जाम किया। दृष्टिहीन संघ के सदस्य राजेश ठाकुर ने कहा कि संघ के सदस्य बीते तीन सौ 62 दिनों से अपनी मांगों को लेकर क्रमिक अनशन पर हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस कारण उन्हें आज मजबूरन चक्का जाम जैसा कदम उठाना पड़ा। राजेश ठाकुर ने कहा कि बार–बार की मांग के बावजूद मुख्यमंत्री ने उन्हें अभी तक एक बार भी वार्ता के लिए नहीं बुलाया है। इस दौरान दृष्टिहीन संघ के सदस्यों की पुलिस से धक्का मुक्की भी हुई जिस कारण कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया।

<u>सुंदर सिंह ठाकुर</u>

कुल्लू के ढालपुर मैदान में आज से 10 दिवसीय सरस मेला शुरू हुआ। ज़िला ग्रामीण विकास परियोजना अभिकरण द्वारा आयोजित इस मेले का मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने शुभारंभ किया। सुंदर सिंह ठाकुर ने इस मौके पर कहा कि सरस मेले के आयोजन से बहुत से लोगों को

रोज़गार मिलेगा और उनकी आर्थिकी मज़बूत होगी। मुख्य संसदीय सचिव ने भविष्य में ढालपुर की मुख्य सड़क के यातायात को हर रोज़ शाम के समय सर्कुलर रोड़ से चलाने और मुख्य सड़क को मालरोड़ के रूप में विकसित करने की घोषणा की, ताकि यहां पर स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों को बेच सकें।

मुख्य समाचार एक बार फिर'

- प्रदेश मंत्रिमंडल की 2 हजार 61 वन मित्र नियुक्त करने को मंजूरी–ईको टूरिज्म पॉलिसी में बदलाव का भी फैसला।
- मंत्रिमंडल ने 4 सौ 50 मेगावाट की शोंगटोंग कड़छम पन विद्युत परियोजना के संबंध में मंत्रिमंडलीय उप–समिति की सिफारिशों को दी स्वीकृति।
- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार ने कहा–सफाई कर्मचारियों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ईमानदारी से काम करें अधिकारी।
- पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ़ द्वारा चंबा में आपदा प्रबंधन विषय पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन।

_________